**श्री संजय गांधी द्वारा संबोधित सभा में भाग लेने के लिए व्यक्तियों को ले जाने हेतु उमरेड कोयला खान के वाहनों का उपयोग**

6074. **श्री युवराज :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोआर्डीनेशन आफ वेस्टर्न कोलरीज लिमिटेड, नागपुर के जनरल मैनेजर श्री ए० बी० सहाय ने सब-एरिया मैनेजर, उमरेड, सिलवाड़ा, कामंगी और अन्यों को 26 अक्तूबर, 1976 को अपनी तरफ से एक पत्र भेजा था कि श्री संजय गांधी द्वारा संबोधित की जाने वाली बैठक में व्यक्तियों को ले जाने के लिए ट्रकों, जीपों आदि का उपयोग किया जाये; और

(ख) क्या संजय मैदान बनाने के लिए उमरड कोयला खान से नागपुर तक बुलडोजर और ग्रेडर भी भेजे गये थे और यदि हां, तो ये किस आधार पर भेजे गए थे और इस के लिए जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध कब तक कार्यवाही की जायेगी और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन)** : (क) वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सूचित किया है कि श्री शाह द्वारा ऐसा कोई पत्र नहीं भेजा गया था।

(ख) नागपुर के एक संसद सदस्य के अनुरोध करने पर नागपुर के समीप एक हरिजन कोलोनी में खेल के मैदान को समतल करने के लिए उमरेर कोयला खान से एक ग्रेडर भेजा गया था। कुछ सप्ताह बाद इस खेल के मैदान को श्री संजय गांधी द्वारा सम्बोधित एक मीटिंग के लिए इस्तेमाल किया गया। इस मामले की जांच के लिए आदेश दे दिए गए हैं तथा अनुसूचित कार्य करने के दोषी किसी भी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**राजभाषा कार्यान्वयन समितियां**

6075. **श्री युवराज :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग के लिए प्रत्येक मंत्रालय और विभाग में एक-एक राजभाषा कार्यान्वित समिति बनाई गई है ; और

(ख) क्या सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में भी जहां चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को छोड़ कर 25 या इससे अधिक कर्मचारी हैं, राजभाषा कार्यान्वियन समितियां बनाई गई हैं और यदि हां, तो पत्राचार, परिपत्रों आदि में हिन्दी का कितने प्रतिशत उपयोग होता है और सभी समितियों पर प्रत्येक वर्ष कितना खर्च होता है ?

**गृह मंत्री (श्री चरण सिंह)** : (क) जी हां।

(ख) बहुत से ऐसे सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में भी ये समितियां गठित कर दी गई हैं। इन कार्यालयों में पत्र-व्यवहार, परिपत्रों आदि में हिन्दी के उपयोग के प्रतिशतत्व संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध नहीं है और इसे एकत्रित करने के लिए जितना श्रम और समय लगेगा, वह परिणाम के अनुरूप नहीं होगा।

चूंकि राजभाषा कार्यन्वयन समितियां विभागीय समितियां हैं इसलिए इन पर खर्च नहीं होता।

**आपात स्थिति के दौरान आकाशवाणी तथा दूरदर्शन में बनाये गये राजपत्रित पद**

6076. **श्री लालजी भाई :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रापात स्थिति के दौरान गत एक वर्ष में ग्राकाशवाणी तथा दूरदर्शन में कितने नये राजपत्रित पद बनाये गए ; ग्रौर

(ख) उनमें से स्थायी तथा ग्रस्थायी पदों के नाम क्या हैं ?

**सूचना ग्रौर प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण ग्राडवाणी)** : (क) एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है ।

(ख) सभी पद ग्रस्थायी हैं ।

**विवरण**

**ग्रप्रैल, 1976 से मार्च, 1977 तक की ग्रवधि के दौरान ग्राकाशवाणी ग्रौर दूरदर्शन में बनाए गए राजपत्रित पद ।**

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| | **ग्राकाशवाणी** | |
| 1. | उप महानिदेशक, क्षेत्रीय | 2 |
| 2. | समाचार उप निदेशक | 1 |
| 3. | कार्यभारी इंजीनियर | 1 |
| 4. | समाचार सम्पादक . | 4 |
| 5. | वरिष्ठ संवाददाता | 1 |
| 6. | केन्द्र इंजीनियर . . | 2 |
| 7. | केन्द्र निदेशक . . | 2 |
| 8. | उप निदेशक श्रोता ग्रनुसंधान | 4 |
| 9. | पर्यवेक्षक (दारी) . | 1 |
| 10. | सहायक केन्द्र निदेशक के संवर्ग में खेलकूद कार्यक्रम ग्रायोजक | 4 |
| 11. | ग्रनुसंधान ग्रधिकारी . | 1 |
| 12. | सहायक केन्द्र निदेशक . | 6 |
| 13. | संवाददाता . . | 1 |
| 14. | सहायक केन्द्र इंजीनियर . | 3 |
| 15. | सहायक समाचार संपादक . | 9 |
| 16. | लेखा ग्रधिकारी . | 1 |
| 17. | रिपोर्टर (मानिटोरिंग) . | 8 |
| 18. | हिन्दी ग्रधिकारी . | 1 |
| 19. | सहायक इंजीनियर . | 5 |
| 20. | कार्यक्रम एक्जीक्यूटिव | 10 |
| 21. | ग्रनुभाग ग्रधिकारी . | 1 |
| 22. | फार्म रेडियो ग्रधिकारी . | 8 |
| 23. | प्रोड्यूसर (लोक संगीत) | 1 |
| | योग : | 77 |

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| | **दूरदर्शन** | |
| 1. | महानिदेशक . | 1 |
| 2. | ग्रपर महानिदेशक . | 1 |
| 3. | मुख्य इंजीनियर . | 1 |
| 4. | उप महानिदेशक . | 2 |
| 5. | उप मुख्य इंजीनियर . | 1 |
| 6. | निदेशक . . | 3 |

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 7. | कार्यक्रम नियंत्रक . | 1 |
| 8. | योजना अधिकारी . | 1 |
| 9. | सहायक योजना अधिकारी . | 1 |
| 10. | उप सहायक कार्यक्रम नियंत्रक | 1 |
| 11. | वरिष्ठ विश्लेषक . | 1 |
| 12. | जन सम्पर्क अधिकारी . | 1 |
| 13. | केन्द्र इंजीनियर . | 12 |
| 14. | लेखा निरीक्षक . | 1 |
| 15. | जूनियर विश्लेषक . | 1 |
| 16. | अनुभाग अधिकारी . | 6 |
| 17. | वरिष्ठ निजी सहायक . | 2 |
| 18. | सहायक केन्द्र निदेशक . | 10 |
| 19. | सहायक केन्द्र इंजीनियर . | 18 |
| 20. | कार्यक्रम एक्जीक्यूटिव . | 3 |
| 21. | सहायक इंजीनियर . | 18 |
| 22. | विशेष कार्य अधिकारी . | 5 |
| 23. | लेखा अधिकारी . | 2 |
| 24. | बिक्री नियंत्रक . | 1 |
| 25. | सहायक बिक्री नियंत्रक . | 1 |
| | योग : | 95 |

**दिल्ली में आगजनी की घटनायें**

6077. **श्री लालजी भाई** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में राजधानी में कितनी बार बड़ी आग लगी तथा आग की कितनी दुर्घटनाओं पर अग्नि शमन सेवा (दिल्ली फायर ब्रिगेड) के कर्मचारियों की सहायता से काबू पाया गया ;

(ख) प्रत्येक आग दुर्घटना में कितने-कितने व्यक्ति मारे गए ; और

(ग) तत्सम्बन्धी विस्तृत ब्यौरा क्या है ?

**गृह मंत्री (श्री चरण सिंह)**: (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही हैं और उपलब्ध होने पर सदन के पटल पर रख दी जायेगी ?

**आकाशवाणी और दूरदर्शन में राजपत्रित तथा स्टाफ आर्टिस्टों के रिक्त स्थान**

6078. **श्री लालजी भाई** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी (ए० आई० आर०) और दूरदर्शन (टेलीविजन) में राजपत्रित तथा स्टाफ आर्टिस्ट वर्गों में कितने और कौन-कौन से मंजूरशुदा पद रिक्त पड़े हैं ; और

(ख) इसके क्या कारण हैं और उक्त पदों के कब तक भरने की सम्भावना है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवानी)** : (क) एक विवरण जिसमें आकाशवाणी और दूरदर्शन में खाली पड़े मंजूरशुदा राजपत्रित पद दिए हुए हैं, संलग्न है ।

स्टाफ आर्टिस्टों की श्रेणी में खाली पदों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और उसको सदन की मेज पर रख दिया जाएगा ।

(ख) पद, सेवा निवृत्तियों/उच्च पदों पर पदोन्नतियों/नये पदों के बनाये जाने इत्यादि के कारण खाली हो गए हैं । खाली पदों को भरने हेतु व्यक्तियों की भर्ती करने की कार्रवाई पहले ही चालू है और खली पदों के शीघ्र ही भरे जाने की संभावना है ।